प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv





# तकनीकी एवं सांस्कृतिक उत्सव में छात्रों को दी जानकारी



लखनऊ-प्रभात। स्कूल ऑफ मैनेजमेन्ट सांइसेज (एसएमएस) के इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्युनिकेशन विभाग द्वारा तकनीकी एवम् सांस्कृतिक उत्सव इलेक्ट्रेट 2019 का शुभारम्भ प्रदीप कुमार खरे, मुख्य महाप्रबन्धक लखनऊ मेट्रो रेल कारपोरेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम मुख्यतः तकनीकी एवम् सांस्कृतिक क्षेत्र से जुडी प्रतिभाओं के प्रस्तुतीकरण के लिए आयोजित किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष राहुल मिश्रा ने दो दिवसीय इस आयोजन की विस्तृत जानकारी दी एवं बताया कि ऐसे आयोजन से छात्रों की रचनात्मक प्रतिभा को मूर्तरूप प्रदान करने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में डॉ. भरत राज सिंह (महानिदेशक एसएमएस ) डॉ. धर्मेन्द्र सिंह (शैक्षिक अधिष्ठाता एसएमएस लखनऊ) प्रो पीके सिंह एसएमएस लखनऊ आदि ने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विभिन्न संस्थान के छात्रों एवम् शिक्षकों का सहयोग एवं प्रतिभाग रहा।